Seat No. : _______________

NJ-119

December-2015

B.A., Sem.-III

Elective (EC-1) 201 : Hindi

(आधुनिक हिन्दी कविता)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

1. पठित कविताओं के आधार पर जयशंकर प्रसाद की काव्यगत विशेषताएँ बताइए । **14**

अथवा

संक्षेप में लिखिए :

(क) 'विभावरी' कविता का केन्द्रीय भाव

(ख) 'हिमाद्रि तुंग श्रृंग से' – भावार्थ

2. " 'तोड़ती पत्थर' कविता मजदूर वर्ग के सामाजिक यथार्थ का आईना है ।" समझाइए । **14**

अथवा

" 'जुही की कली' अपनी कोमल भावनाओं के लिए आज भी हमारे हृदय में बसी है ।" कथन की चर्चा करते हुए काव्य की विशेषताएँ बताइए ।

3. हरिवंशराय बच्चन का सामान्य परिचय देते हुए 'इस पार उस पार' का केन्द्रीय भाव बताइए । **14**

अथवा

ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए :

(क) "कितने इसके तारे टूटे,
कितने इसके प्यारे छूटे
जो छूट गए फिर कहाँ मिले
पर बोलो टूटे तारों पर
कब अंबर शोक मनाता है ।"

(ख) 'भावुकता अंगुर लता से
खींच कल्पना की हाला,
कवि साकी बनकर आया है
भरकर कविता का प्याला
कभी न कण भर खाली होगा,
लाख पिएँ, दो लाख पिएँ
पाठकगण हैं पीनेवाले,
पुस्तक मेरी मधुशाला ।'

4. पठित कविताओं के आधार पर माखनलाल की राष्ट्रीय चेतना पर प्रकाश डालिए । **14**

अथवा

एक जागरण गीत के रूप में 'जवानी' कविता का मूल्यांकन कीजिए ।

5. सूचनानुसार कीजिए : **14**

(अ) योग्य विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए :

(1) जयशंकर प्रसाद ने आरंभिक रचनाएँ किस भाषा में लिखीं ? (अंग्रेजी, खड़ीबोली, ब्रज)

(2) पण्डित रामदयाल की पुत्री का क्या नाम था ? (मनोहरा देवी, सरोज, यशोधरा)

(3) माखनलाल ने किस क्रांतिकारी के पास दीक्षा ली ? (भगतसिंह, गणेश सखाराम, वीर सावरकर)

(4) हरिवंशराय बच्चन का जन्म स्थान कहाँ है ? (वाराणसी, बावई, इलाहाबाद)

(5) 'काव्य-कौस्तुभ' में 'प्रस्तुत संकलन' शीर्षक से किसने अपने विचार रखे ?
(डॉ. रामशंकर, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. नगेन्द्र)

(ब) योग्य विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(1) 'आँसू' श्रेष्ठ ______ है । (प्रबंध-काव्य, वीर-काव्य, गीति-काव्य)

(2) निराला _________ को कहा जाता है । (सूर्यकांत त्रिपाठी, ज. प्रसाद, माखनलाल)

(3) ________ कवि को 'एक भारतीय आत्मा भी' कहा जाता है । (निराला, ज.प्रसाद, माखनलाल)

(4) ह.बच्चन ने ________ विश्वविद्यालय से पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की ।
(कैम्ब्रिज, दिल्ली, इलाहाबाद)

(5) 'मुझे तोड़ लेना वनमाली उस ________ देना तुम फेंक ।' (रथ, कर, पथ)

(क) सही जोड़े मिलाइए :

अ	ब
(1) माखनलाल चतुर्वेदी	(1) विभावरी
(2) सूर्यकान्त त्रिपाठी	(2) भिक्षुक
(3) जयशंकर प्रसाद	(3) बसंत मनमाना
(4) हरिवंशराय बच्चन	(4) जो बीत गई सो बात गई

____

Seat No. : _______________

NJ-119

December-2015

B.A., Sem.-III

Elective (EC-1) 201 : Hindi

(हिन्दी पत्रकारिता)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

1. हिन्दी पत्रकारिता के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए । **14**

   अथवा

   पत्रकारिता के प्रकार समझाइए ।

2. समाचार की परिभाषा देते हुए उसके विभिन्न स्तंभों की चर्चा कीजिए । **14**

   अथवा

   समाचार के विभिन्न स्रोतों पर प्रकाश डालिए ।

3. संवाददाता की कार्य-पद्धतियों का परिचय दीजिए । **14**

   अथवा

   संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

   (अ) पृष्ठ सज्जा

   (आ) संवाददाता की योग्यताएँ

4. पत्रकारिता की प्रबंधन-प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रकाश डालिए । **14**

   अथवा

   संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

   (अ) फीचर

   (आ) साक्षात्कार

5. सूचनानुसार कीजिए : **14**

(क) दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

(1) 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन ________ से हुआ ।

(बनारस, अहमदाबाद, दिल्ली, कोलकाता)

(2) 'कविवचन सुधा' के संपादक _________ थे ।

(भारतेन्दु, गांधीजी, नवल किशोर, गोविन्द मिश्र)

(3) रिपोर्ताज के लिए ________ शब्द का भी प्रयोग होता है ।

(टिप्पण, आलेखन, सूचनिका, फीचर)

(4) समाचारों का संकलन ________ संवाददाता करता है ।

(विदेश, विशेष, मुफस्सिल, कार्यालय)

(5) फीचर शब्द _______ भाषा से रूपान्तरित किया गया है ।

(अंग्रेजी, लैटिन, संस्कृत, रूसी)

(6) 'INTERVIEW' अर्थात् ________ ।

(फीचर, रूपक, साक्षात्कार, रिपोर्ताज)

(7) ________ समाचार की मूल आत्मा है ।

(शीर्षक, फीचर, रिपोर्ताज, साक्षात्कार)

(ख) निम्नलिखित विधान सही है या गलत, यह बताइए :

(1) पत्रकारिता जनसेवा का माध्यम है ।

(2) 'यंग इण्डिया', 'मतवाला' पत्रिकाओं ने देशभक्ति का प्रचार-प्रसार किया ।

(3) 'बंगाल गजट' आगे चलकर 'हिन्दी गजट' के नाम से प्रसिद्ध हुआ ।

(4) प्रूफ शोधन में किसी प्रकार के संकेत-चिह्न नहीं होते ।

(5) समाचार निष्पक्ष भाव से प्रस्तुत करना चाहिए ।

(6) फीचर में कल्पना का समावेश नहीं हो सकता ।

(7) पत्र की बिक्री और वितरण व्यवस्था की एक चैनल होती है ।